forum for stepping up agricultural production; and

(b) if so, the nature and extent of the co-operation received from the forum during 1964-65?

The Deputy Minister in the Ministry of Food and Agriculture (Shri Shahnawaz Khan): (a) and (b). There has not been any particular collaboration of Farmers' Forum with Government for stepping up Agricultural Production during 1964-65. However, Bharat Krishak Samaj being one of the organisations representing the Farmers gets itself associated with some such activities.

खाद के रूप में बाल का प्रयोग

1968. **श्री योगेन्द्र झा :**
श्री तु० राम :

क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 26 अक्तूबर, 1965 के "हिन्दुस्तान टाइम्स" में प्रकाशित उस समाचार की ओर आकर्षित किया गया है जिस में यह कहा गया है कि मनुष्य के बाल में 17 प्रतिशत नाइट्रोजन होता है और इस लिए अन्न की उपज बढ़ाने के लिए इस मे अच्छी किस्म की खाद बनाई जा सकती है ; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री शाहनवाज खां) : (क) जी, हां । नाइयों की दुकानों से प्राप्त मनुष्य के बालों में लगभग 12 प्रतिशत नाइट्रोजन होता है, किन्तु यह उन मिश्रित रासायनिकों रूपों में होता है जो भूमि में गलने के प्रतिरोधी हैं और इस लिए पौधों द्वारा आसानी से उपयोज्य नहीं है । भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में बालों के विश्लेषण के लिए प्रक्रिया की गई है जिस के द्वारा उस सामग्री को चूर्ण बना दिया जाता है और नाइट्रोजन का मिश्रण आसान हो जाता है और तब यह फसल को बढ़ाने में प्रभावशाली सिद्ध होता है ।

(ख) हरदोई शहर में मनुष्य के बालों को इकट्ठा करने के लिए सरकारी प्रादेशिक कृषि स्टेशन द्वारा एक आन्दोलन चलाया गया है । प्रस्ताव है कि इसका चूर्ण बना कर खाद के रूप में उपयोग किया जाये । हरदोई में कर्मचारियों को इसकी प्रक्रिया प्रदर्शित करने के लिए प्रबन्ध किये जा रहे हैं ।

इस सामग्री को खाद के रूप में उपयोग करने में ये कठिनाइयां हैं :—(1) सीमित मात्रा में उपलब्ध होना और (2) इकट्ठा करने की लागत ।

सघन कृषि कार्यक्रम

1969. **श्री योगेन्द्र झा :**
श्री तु० राम :

क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में सघन कृषि कार्यक्रम के अन्तर्गत उसके आरम्भ से अब तक राज्यवार कितने केन्द्र खोले गये हैं तथा कुल कितना क्षेत्रफल इस कार्यक्रम के अन्तर्गत आया है ;

(ख) बिहार राज्य में सघन कृषि कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल कितना क्षेत्रफल आया है और उस में कौन कौन सी फसल पैदा की गई है ; और

(ग) इस कार्यक्रम के अन्तर्गत भिन्न भिन्न फसलों के अधीन, देश में प्रति एकड़ औसत उपज की तुलना में प्रति एकड़ पैदावार में कितनी वृद्धि हुई है ?

खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री शाहनवाज खां): (क) सघन कृषि क्षेत्र कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिए चुने